दिन— गुरूवार दिनांक— 03/04/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराहन 03:10 बजे से। अवधि — 05 मिनट

---

वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार पच्चीस को आज राज्यसभा में विचार और पारित करने के लिए पेश किया गया। विधेयक पेश करते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस विधेयक को हितधारकों के साथ—साथ संयुक्त संसदीय समिति के साथ विस्तृत परामर्श के बाद लाया गया है। उन्होंने विपक्षी दलों से इस विधेयक का समर्थन करने का आग्रह किया। श्री रिजिजू ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वक्फ का लाभ सिर्फ मुस्लिमों को ही मिल सकता है। उन्होंने कहा कि कोई गैर—मुस्लिम वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना है, न कि मुसलमानों के धार्मिक व्यवहार में हस्तक्षेप करना। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि वक्फ बोर्ड में मुस्लिमों के सभी विभिन्न संप्रदायों और महिलाओं का प्रतिनिधित्व होगा ताकि इसे समावेशी बनाया जा सके।

चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस सांसद डॉ. सैयद नासिर हुसैन ने कहा कि यह विधेयक संविधान और धर्मनिरपेक्षता की भावना के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि सरकार की नजर वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर है। सदन में अभी चर्चा जारी है। लोकसभा ने कल रात वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार पच्चीस पारित कर दिया है।

———————————————————

प्रदेश के सभी सत्र और व्यवहार न्यायालय में सात अप्रैल से न्यायिक कार्य सुबह की पाली में संपादित किये जायेंगे। इसके तहत सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक न्यायालय खुले रहेंगे। नई समय सारणी अट्ठाईस जून तक प्रभावी रहेगी।

———————————————————

पीएम इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण के तहत बिहार से तेरह हजार चौवालीस अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद ने बताया कि इस चरण के तहत राज्य में बारह विभिन्न प्रक्षेत्रों में दो हजार तीन सौ

सोलह अभ्यर्थियों को इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के तहत दो हजार नौ सौ अड़तालीस युवाओं ने इंटर्नशिप किया था।

---

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद का दिल्ली एम्स में इलाज चल रहा है। कल तबीयत खराब होने के बाद उन्हें पटना से दिल्ली ले जाया गया था। लालू प्रसाद को अभी क्रिटिकल केयर यूनिट में रखा गया है। डॉक्टरों की एक विशेष टीम उनका इलाज कर रही है।

---

लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज श्रद्धालु अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर रहे हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि दोपहर बाद से ही लोगों का विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचने का सिलसिला जारी है। गंगा, गंडक, कोसी, बागमती, सरयू, महानंदा सहित अन्य नदियों के किनारे छठ घाटों पर श्रद्धालु अर्घ्य अर्पित करने के लिए पहुंच रहे हैं। पटना में इकतालीस गंगा घाटों पर श्रद्धालु अर्घ्य अर्पित करेंगे। साथ ही सात तालाबों पर भी छठ को लेकर व्यवस्था की गयी है। लोग अपने घरों में भी अस्थाई तालाब का निर्माण कर छठ पूजा कर रहे हैं। कल सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही इस महापर्व का समापन हो जायेगा। इधर, छठ को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। नदी घाटों पर एनडीआएफ और एसडीआरएफ की टीमों की तैनाती की गयी है। पटना शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

---

प्रदेश के कई हिस्सों में आज सुबह से बादल छाये हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार तमिलनाडु और बंगाल की खाड़ी में हवा के कम दवाब के क्षेत्र बनने के कारण मौसम में परिवर्तन हुआ है। विभाग के अनुसार सात अप्रैल तक मौसम के रूख में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान भी सामान्य के आस–पास बने रहने की संभावना है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।